# माननीय विद्वत परिषद्
# की 43वीं बैठक का कार्यवृत्त




**स्थान :** कुलपति सभाकक्ष,
**दिनांकः** 27 जनवरी, 2011
**समयः** पूर्वान्ह : 11.00 बजे

*कुलसचिव कार्यालय*
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ– 250 110

दिनाँक 27 जनवरी, 2011 को कुलपति सभा कक्ष में माननीय विद्वत परिषद की 43वीं बैठक, आयोजित की गयी।

***उपस्थितिः***

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 अरविन्द कुमार बख्शी | अध्यक्ष |
| 2 | श्री अतुल कुमार | सदस्य |
| 3 | डा0 देवी सिंह | सदस्य |
| 4 | डा0 रघुवीर सिंह | सदस्य |
| 5 | डा0 अनिल सिरोही | सदस्य |
| 6 | डा0 जे0 यादव | सदस्य |
| 7 | डा0 राजवीर सिंह | सदस्य |
| 8 | डा0 वाई0 पी0 सिंह | सदस्य |
| 9 | डा0 एस0 के0 भटनागर | सदस्य |
| 10 | डा0 राघवेन्द्र सिंह | सदस्य |
| 11 | डा0 रामजी सिंह | सदस्य |
| 12 | डा0 एस0 के0 सचान | सदस्य |
| 13 | डा0 आर0 आर0 सिंह | सदस्य |
| 14 | डा0 पूरन चन्द | सदस्य |
| 15 | डा0 जी0 आर0 सिंह | सदस्य |
| 16 | डा0 रविन्द्र कुमार | सदस्य |
| 17 | डा0 पंकज कुमार | सदस्य |
| 18 | डा0 पुरूषोत्तम | सदस्य |
| 19 | डा0 जितेन्द्र सिंह | सदस्य |
| 20 | डा0 दिग्विजय सिंह | सदस्य |
| 21 | डा0 आकाश तौमर | सदस्य |
| 22 | डा0 दान सिंह | सदस्य |
| 23 | डा0 नरेन्द्र शर्मा | सदस्य–सचिव |

***अनुपस्थितिः***

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 ओ0 पी0 सिंह | सदस्य |
| 2 | डा0 एस0 ए0 कर्खी | सदस्य |
| 3 | डा0 बी0 आर0 सिंह | सदस्य |
| 4 | डा0 आई0 पी0 सिंह | सदस्य |
| 5 | डा0 बाबू राम | सदस्य |
| 6 | डा0 राज बीर सिंह | सदस्य |

प्रारम्भ में कुलसचिव/सदस्य–सचिव, विद्वत परिषद ने माननीय अध्यक्ष विद्वत परिषद एवं सम्मानित सभी सदस्यों का 43 वीं बैठक में स्वागत किया तत्पश्चात् माननीय कुलपति/अध्यक्ष, विद्वत परिषद की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**कुलसचिव/सदस्य सचिव**
**विद्वत परिषद**

**कुलपति/अध्यक्ष**
**विद्वत परिषद**

संकल्प संख्या–1 नीचे दिये गये प्रस्ताव विद्वत परिषद की 39वीं, 40वीं, 41वीं बैठक में रखे गये थे, उनकी अनुपालन आख्या निम्नवत है :–

| संकल्प सं0 | संकल्प | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| **माननीय विद्वत परिषद की 39वीं बैठक दिनॉक 07जनवरी, 2009 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या।** | | |
| A-3 | अधिष्ठाता स्नातकोत्तर द्वारा कॉलिज ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज का प्रस्ताव विद्वत परिषद के समक्ष रखा गया जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया गया उक्त प्रस्ताव को विस्तार से तैयार कर माननीय प्रबंध परिषद से अनुमोदन लेने पर सहमति हुई। | अधिष्ठाता स्नातकोत्तर द्वारा कार्यवाही से अवगत कराया गया कि उनके द्वारा प्रभारी अधिकारी (निर्माण) को स्टाफ पोजीशन एवं सिविल वर्क आदि से सम्बन्धित नया ब्लू प्रिंट तैयार करने हेतु लिखा गया है। परन्तु अभी तक कार्यवाही नहीं हो पायी है।<br>प्रभारी अधिकारी निर्माण को स्टाफ पोजीशन एवं सिविल वर्क आदि कार्यों को पूर्ण कर प्रस्ताव को माननीय कुलपति जी से अनुमोदन उपरान्त सीधे माननीय प्रबंध परिषद में रखने हेतु निर्देशित किया गया।<br>**कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया।**<br>**कार्यवाही – प्रभारी अधिकारी (निर्माण)**<br>**विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रभारी अधिकारी निर्माण उक्त प्रस्ताव पर जल्द से जल्द कार्यवाही करें तथा विद्वत परिषद को भी सूचित करेंगे।** |
| A-7 | विश्वविद्यालय में ड्रेस कोड लागू करने हेतु विद्वत परिषद की पूर्व बैठक में उक्त कार्य हेतु एक समिति का गठन किया गया था, किन्तु समिति द्वारा पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करायी गई थी। माननीय अध्यक्ष, विद्वत परिषद की अनुमति उपरान्त, इस प्रस्ताव पर पूर्ण रूप से बैठक में खुली चर्चा की गई तथा विद्वत परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण एक माह के अन्दर ड्रेस कोड लागू करने हेतु कार्यवाही करेंगे। | प्रस्ताव पर प्रथम सेमस्टर 2010–11से ड्रेस कोड लागू करने हेतु एक बैठक कर अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा कार्यवाही की जानी थी उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि छात्रों ने द्वितीय सेमेस्टर 2010–11से ड्रेस कोड लागू किये जाने पर सहमति की व पैन्ट का रंग काला करने हेतु निवेदन किया।<br>विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की एक बैठक विद्वत परिषद के सभी सदस्यों व माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आहूत की जायेगी जो निर्णय होगा उसे कियान्वित किया जायेगा<br>**कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।**<br>**कार्यवाही –अधिष्ठाता छात्र कल्याण**<br>**विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण उक्त प्रस्ताव पर जल्द से जल्द कार्यवाही करें तथा विद्वत परिषद को भी सूचित करेंगे।** |
| **माननीय विद्वत परिषद की 40वीं बैठक दिनॉक 08जून, 2010 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या।** | | |
| 1 | सचिव, पी0जी0 फैकल्टी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव Modification of Accreditation rule व Accreditation of faculty members for master/Ph.D. research & teaching programme पी0जी0 फैकल्टी से पारित करा कर विद्वत परिषद्व के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया है। | डा0 मनोज कुमार यादव के Accreditation प्रकरण पर अधिष्ठाता स्नातकोत्तर द्वारा कार्यवाही कर सूचित किया गया है परन्तु डा0 राजेन्द्र कुमार द्वारा माननीय अध्यक्ष विद्वत परिषद को अनुरोध किया गया है कि उक्त प्रकरण में मेरी कोई गलती नहीं है। अतः मेरे स्पष्टीकरण से सम्बन्धित टिप्पणी को विद्वत परिषद के कार्यवृत्त से निकाल दिया जाये, इस प्रकरण में पुनः विद्वत परिषद में चर्चा की गयी जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त प्रकरण को विद्वत परिषद के कार्यवृत्त से नहीं निकाला जायेगा और यह भी चर्चा की गयी कि यदि जान बूझकर ऐसा किया गया है तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।<br>कार्यवाही से अभी अवगत नहीं कराया गया।<br>**कार्यवाही–अधिष्ठाता स्नातकोत्तर** उक्त प्रकरण पर अधिष्ठाता स्नातकोत्तर द्वारा अभी तक कार्यवाही न किये जाने के कारण विद्वत परिषद द्वारा पुनः प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए एक समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया :–<br>1. डा0 देवी सिंह, अध्यक्ष<br>2. डा0 रघुवीर सिंह सदस्य<br>3. डा0 अनिल सिरोही सदस्य |



कुलसचिव / सदस्य सचिव
विद्वत परिषद्

29/01/2011

कुलपति / अध्यक्ष
विद्वत परिषद

| | | |
|---|---|---|
| | | 4. डा0 राजवीर सिंह सदस्य<br>5. डा0 रविन्द्र कुमार सदस्य<br>समिति विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर 10 दिन के अन्दर माननीय कुलपति जी को प्रेषित करेगी। |
| 2 | New PG course curricula and syllabi of ICAR should be adopted in internal examination system. | विद्वत परिषद के निर्णयानुसार प्रस्ताव को विभागाध्यक्ष पशु पालन द्वारा पुनः विद्वत परिषद में रखे जाने हेतु प्रेषित किया गया है। उनके द्वारा भेजा गया प्रस्ताव संलग्न है **(संलग्नक–1)**। विद्वत परिषद निर्णय लेना चाहें।<br>**विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि विभागाध्यक्ष पशुपालन उक्त प्रस्ताव को पुनः परीक्षण कर विद्वत परिषद में प्रेषित करेंगे।** |
| **माननीय विद्वत परिषद की 41वीं बैठक दिनॉक 14 अक्टूबर, 2010 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या।** | | |
| 1 | पी0एच–डी0 छात्रों को दी जाने वाली फेलोशिप/स्कॉलरशिप के सम्बन्ध में । | उक्त प्रस्ताव पर माननीय विद्वत परिषद द्वारा सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया।<br>डा0 रघुवीर सिंह अध्यक्ष<br>डा0 वाई0पी0 सिंह सदस्य<br>डा0 अशोक कुमार सदस्य<br>डा0 राघवेन्द्र सदस्य<br>डा0 जे0 यादव सदस्य–सचिव<br>प्रस्ताव पर समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट संलग्न है **(संलग्नक –2)**। विद्वत परिषद निर्णय लेना चाहे।<br>**संलग्न प्रस्ताव को विद्वत परिषद द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन लेने हेतु पारित किया गया तथा फैलोशिप/स्कालरशिप से सम्बन्धित विषय पर एक समिति का गठन किया गया जो निम्न प्रकार है :**<br>**1. डा0 देवी सिंह अध्यक्ष**<br>**2. डा0 रघुवीर सिंह सदस्य**<br>**3. डा0 अनिल सिरोही सदस्य**<br>**4. डा0 जे0 यादव सदस्य**<br>**5. डा0 वाई0पी0 सिंह सदस्य**<br>**6. डा0 राघवेन्द्र सदस्य**<br>**7. डा0 रविन्द्र कुमार सदस्य**<br>**समिति छात्रों को दी जा रही फैलोशिप/स्कालरशिप में आ रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए रिपोर्ट आगामी विद्वत परिषद की बैठक में प्रेषित करेगी।** |
| 2 | अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से सम्बन्धित विभिन्न पदों के सृजन हेतु। | विद्वत परिषद के निर्णय अनुसार कार्यवाही कर दी गई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा सहायक प्राध्यापक/सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया **(संलग्नक– 3)**। विद्वत परिषद निर्णय लेना चाहें।<br>**विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण उक्त प्रस्ताव को पुनः परीक्षण कर विद्वत परिषद में प्रेषित करेंगे।** |
| 3 | विश्वविद्यालय में सेवारत ऐसे अभ्यर्थी जो पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते है उन अभ्यर्थियों को कानपुर एवं फैजाबाद विश्वविद्यालयों के पी–एच0डी0 पाठ्यकमों में प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बंध में प्रस्ताव। | गठित समिति द्वारा रिपोर्ट अभी तक प्रेषित नहीं की गयी है।<br>कार्यवाही – अध्यक्ष/सचिव<br>**विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि समिति आगामी बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करे।** |

**कुलसचिव/सदस्य सचिव**
**विद्वत परिषद**

29/01/2011
**कुलपति/अध्यक्ष**
**विद्वत परिषद**

**संकल्प संख्या–2** माननीय विद्वत परिषद की 42वीं (विशेष) बैठक दिनाँक 13 दिसम्बर, 2010 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या।

| संकल्प सं0 | संकल्प | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारण तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पूर्व विज्ञापन संख्या II/2008 को निरस्त कर समस्त रिक्त पदों को पुनः विज्ञापन करने का अनुमोदन के संबंध में। | माननीय विद्वत परिषद के निर्णय अनुसार, कार्यवाही कर दी गयी है। **कार्यवाही–मुख्य कार्मिक अधिकारी** |
| 2 | विश्वविद्यालय के रिक्त पदों हेतु शिक्षकों/शिक्षणेत्तर को विज्ञापित करने हेतु यू.जी.सी./छठे वेतन आयोग के संस्तुतियों के आधार पर दिये गये मानकों के अनुरूप पदों की योग्यता की स्वीकृति के संबंध में । | –तदैव– |
| 3 | पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के स्वीकृत शिक्षक पदों को विज्ञापित करने हेतु यू.जी.सी./छठे वेतन आयोग के संस्तुतियों के आधार पर दिये गये मानकों के अनुरूप पदों की योग्यता की स्वीकृति के संबंध में । | –तदैव– |
| 4 | विश्वविद्यालय में शिक्षक पदों पर नियुक्ति हेतु Score Card अनुमोदित करने के संबंध में। | –तदैव– |

विद्वत परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि Professor Basic Science की शैक्षिक योग्यता में **Life Science/ Bio Science** भी शामिल किया जाये तथा जो प्रस्ताव विद्वत परिषद की 42वीं (विशेष) बैठक में अनुमोदित किये गये थे। उन पदों की शैक्षिक अर्हता में यू0जी0सी0 द्वारा दिये गये नियमों को दृष्टिगत रखते हुए यदि कोई संशोधन प्रस्तावित है तो संशोधित प्रस्ताव माननीय कुलपति जी को प्रेषित किये जायेंगे। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें डा0 अनिल सिरोही, डा0 एस0के0 भटनागर, डा0 राघवेन्द्र सम्मिलित होंगे। समिति दिनाँक 30.01.2011 को होने वाली माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक से पूर्व प्रस्ताव तैयार कर माननीय कुलपति जी को प्रेषित करेगी, जिसको अनुमोदन हेतु सीधे प्रबन्ध परिषद में प्रेषित किया जायेगा।

**संकल्प सं0–3 संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा–2011 (CATET 2011), की सूचना विवरणिका के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव। (संलग्नक–4)**

सूचना विवरणिका में आंशिक संशोधन करते हुए प्रस्ताव का अनुमोदन इस आशय के साथ किया गया कि पूर्व दो वर्षों से स्नातक स्तर पर एक ही परीक्षा के माध्यम से सभी विषयों में प्रवेश न लेकर जो व्यवस्था सूचना विवरणिका में स्नातक स्तर पर अलग–अलग परीक्षा कराने की दी गयी है, उसी प्रकार से परीक्षा आयोजित करायी जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि स्टीयरिंग कमैटी की बैठक में सूचना विवरणिका को अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाये। सूचना विवरणिका के पेज संख्या–21 पर क्रम सं0–8 एम0एस–सी0 (कृषि) में प्रवेश हेतु प्रेषित विषय के अनुसार दिये गये मार्क्स को अपने विश्वविद्यालय के विषयों से सम्बन्धित यदि कोई संशोधन की आवश्यकता है तो पुनः संशोधित करने एवं विश्वविद्यालय में भी एक परीक्षा केन्द्र इस वर्ष रखा जाये या नहीं इस हेतु निम्नलिखित समिति गठित की गई :–

1. डा0 देवी सिंह अध्यक्ष
2. डा0 रघुवीर सिंह सदस्य



**कुलसचिव/सदस्य सचिव**
**विद्वत परिषद**

25/01/2011
**कुलपति/अध्यक्ष**
**विद्वत परिषद**

3. डा0 अनिल सिरोही सदस्य

4. डा0 राघवेन्द्र सदस्य

5. डा0 पंकज कुमार सदस्य

उपर्युक्त समिति अपनी रिपोर्ट दिनाँक 28.11.2011 की सांय तक कुलसचिव को प्रेषित करेगी इसके अतिरिक्त सभी विभागाध्यक्ष अपने–अपने विषयों से सम्बन्धित 10–10 पेपर सैटर्स के नाम, पदनाम व पते सहित दिनाँक 29.01.2011 की सांय तक कुलसचिव को गोपनीय रूप से अवश्य प्रस्तुत करेंगे। साथ ही विद्वत परिषद द्वारा यह भी विचार–विमर्श किया गया कि प्रश्नपत्र किसी गोपनीय एजेंसी से बनवाने हेतु माननीय कुलपति व कुलसचिव स्टीयरिंग कमैटी की बैठक में चर्चा करेंगे।

सूचना विवरणिका के पृष्ठ संख्या–56 पर तीनों कृषि विश्वविद्यालयों के Combined Fee Structure में भी आंशिक संशोधन इस आशय के साथ किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2012–13 से इसको मेरठ में लागू किया जाये, जिसमें बी0टैक (बायोटैक) की वर्तमान फीस के अतिरिक्त रू0 20,000.00 प्रति सेमेस्टर तथा पी0एच–डी0 के सभी विषयों में वर्तमान फीस के अतिरिक्त रू0 6,000.00 प्रति सेमेस्टर व पी0एच–डी0 (एग्री0बायोटैक) के लिए वर्तमान फीस के अतिरिक्त रू0 11,000.00 प्रति सेमेस्टर बढ़ाने की सहमति विद्वत परिषद द्वारा की गयी, जिसको माननीय प्रबन्ध परिषद में समय से पूर्व प्रेषित कर अनुमोदन कराया जायेगा।

**संकल्प सं0–4 अधिष्ठाता कृषि द्वारा बी0एस–सी0 (कृषि) आनर्स में वर्तमान सीटों के अतिरिक्त 40 सीटें बढ़ाये जाने हेतु प्रस्ताव। (संलग्नक–5)**

प्रस्तावित प्रस्ताव का अनुमोदन वर्तमान सत्र 2011–12 से लागू करने पर विद्वत परिषद द्वारा स्वीकृति की गयी। इसके अतिरिक्त बी0टैक (बायोटैक) पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर पर भी वर्तमान सीटों के अतिरिक्त 40 सीटें बढ़ाये जाने का अनुमोदन किया गया है। साथ ही दोनों पाठ्यक्रमों में वर्तमान सीटों के अतिरिक्त तीन–तीन सीटें एन0आर0आई0 कोटे की भी बढ़ायी गयी। बढ़ायी गयी सीटें सूचना विवरणिका में सम्मिलित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी। आई0सी0ए0आर द्वारा निर्धारित की गयी 25 प्रतिशत स्नातक व 35 प्रतिशत स्नातकोत्तर स्तर की सीटें इन सीटों के अतिरिक्त लिये जाने का अनुमोदन किया गया।

**संकल्प सं0–5 सचिव पी0जी0 फैकल्टी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार। (संलग्नक–6)**

सचिव पी0जी0 फैकल्टी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के एजेण्डा–1 में विद्वत परिषद द्वारा निर्णय लिया कि इं0 सुरेश चन्द्रा व इं0 जयवीर सिंह के Accrediation पर उनके द्वारा विश्वविद्यालय से की जा रही पी0एच–डी0 डिग्री पूर्ण होने तक विचार नहीं किया जा सकता। अन्य प्रस्तावित चारों शिक्षकों का निम्नवत् Accrediation करने की स्वीकृति विद्वत परिषद द्वारा की गई:–

(a) Dr. Sanjay Kumar Singh, Asstt. Professor, AEFT

(b) Dr. Krishna Gopal Yadav, SMS/Asstt. Professor, Agronomy.

(c) Dr. Praveen Kumar Singh, SMS/Asstt. Professor, Agronomy.

(d) Dr. Mukesh Kumar, SMS/Asstt. Professor, Agronomy.



**कुलसचिव / सदस्य सचिव**
**विद्वत परिषद**

29/01/2011

**कुलपति / अध्यक्ष**
**विद्वत परिषद**

इसी प्रस्ताव के एजेंडा–2 पर भी तीनों प्रस्तावित वैज्ञानिकों के Accrediation का अनुमोदन विद्वत परिषद द्वारा किया गया, जो निम्नवत है :–

(a) Dr. Mahesh Kumar Gathala (Soils)

(b) Dr. Ranjan Laik (Soils)

(c) Dr. Yash Pal Singh Saharawat (Soils)

इसी प्रस्ताव के एजेंडा–3 पर स्नातकोत्तर स्तर पर बढ़ायी जाने वाली सीटों का भी अनुमोदन विद्वत परिषद आंशिक संशोधन करते हुए किया गया।

**संकल्प सं0–6 विभागाध्यक्ष मॉलीक्यूलर बॉयोलॉजी एण्ड जैनेटिक इंजीनियरिंग द्वारा प्रेषित एम0ओ0यू0 के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव। (संलग्नक–7)**

विद्वत परिषद द्वारा विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित Directorate of Wheat Research Karnal के साथ किये जाने वाले एम0ओ0यू0 का अनुमोदन इस आशय से किया गया कि प्रस्ताव माननीय प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाए।

**संकल्प सं0–7 अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

अन्य प्रस्ताव में एक प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2010–11 के द्वितीय सेमेस्टर के एकेडमिक कलैंडर के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया।

प्रस्ताव का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

बैठक के अन्त में कुलसचिव / सदस्य–सचिव, विद्वत परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित किया गया, तदोपरान्त विद्वत परिषद की बैठक का समापन हुआ।

**कुलसचिव / सदस्य सचिव**
**विद्वत परिषद**

29/01/20..

**कुलपति / अध्यक्ष**
**विद्वत परिषद**

****